## मैं उक्त सूचीबद्ध समूहों में से एक में शामिल हूँ, मुझे क्यों प्रतीक्षा करने की जरूरत है?

उपयोग के लिए अनुमोदित होने और प्रत्येक बैच के उत्पादन के साथ कोविड-19 के टीके उपलब्ध होंगे।

इसलिए सर्वोच्च जोखिम में हैं ऐसे लोगों की रक्षा करने के लिए हरेक डोज की जरूरत है। टीकों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होते ही आपको बुलाया जाएगा।

घर तक सीमित या केयर होम में रहने वाले और जिनके लिए एक स्थानीय टीकाकरण केंद्र तक पहुँचना संभव नहीं है, उन्हें शायद सही प्रकार के टीके की आपूर्ति के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। यह इसलिए है क्योंकि कुछ टीकों को लोगों के घरों के बीच ले जाया जाना संभव नहीं है।

## मुझे मेरा कोविड-19 टीका कहाँ से मिल सकता है?

टीकों को कई प्रकार के परिवेशों में प्रदान किया जाएगा। कुछ टीकाकरण दल शायद टीका प्रदान करने के लिए लोगों के निवास स्थान तक जाएंगे, उदाहरणार्थ, केयर होम में, दूसरे लोगों को शायद उनके निकटतम केंद्र तक जाना पड़े। चूंकि कुछ टीकों को बहुत ही निम्न तापमात्रा पर एक फ्रीजर में स्टोर करने की जरूरत है, इसलिए आपको शायद अपने सामान्य जीपी सर्जरी में टीका न मिल सके।

## तब क्या होगा अगर मुझे प्रदान किए गए केंद्र तक पहुँचना आसान न हो?

कृपया आपको प्रदान किए गए टीकाकरण केंद्र तक पहुँचने की कोशिश करें। अगर उस केंद्र में जाना आपके लिए संभव न हो तो आपको शायद एक अधिक सुलभ स्थान पर टीके के उपलब्ध होने तक प्रतीक्षा करनी पड़े।

## क्या मैं प्राइवेट तौर पर या किसी फार्मेसी में कोविड-19 के टीके के लिए भुगतान कर सकता हूँ?

नहीं, कोविड-19 का टीकाकरण केवल एनएचएस के ज़रिए योग्य समूहों के लिए उपलब्ध है, और यह एक मुफ़्त टीका है।

**कोरोनावायरस Yellow Card खोज कर कृपया संभाव्य दुष्प्रभाव सहित अपने टीके के बारे में अधिक विवरण प्रदान करने वाले प्रोडक्ट जानकारी लीफलेट को पढ़ें।**

**उसी वेबसाइट पर या Yellow Card ऐप डाउनलोड करके आप संदिग्ध दुष्प्रभावों को भी रिपोर्ट कर सकते हैं।**

coronavirus-yellowcard.mhra.gov.uk

टीकाकरण, सबसे दुर्बल लोगों की रक्षा करने में मदद करना।

अगर आपको कोविड-19 टीकाकरण के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो www.nhs.uk/covidvaccination देखें

© Crown copyright 2020.
COV2020308V2HI 5M 1p JAN (APS) 2021
Public Health England gateway number: 2020491

आप www.healthpublications.gov.uk से अधिक संख्या में इन मुफ्त पत्रकों को ऑर्डर कर सकते हैं।



Public Health England

NHS

# कोविड-19 टीकाकरण

# मुझे प्रतीक्षा क्यों करनी होगी

**कोविड-19 टीकों की आपूर्ति के बारे में जानकारी**

COVID-19 टीकाकरण
खुद की रक्षा करें।

Withdrawn June 2021

कोविड-19 की जटिलताओं से सर्वाधिक जोखिम में हैं ऐसे सभी लोगों को सबसे पहले कोविड-19 का टीका लगवाने का प्रस्ताव दिया जा रहा है।

**यूके में, दो अनुमोदित कोविड-19 टीके हैं। लंबे समय के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए दोनों के दो डोज देना जरूरी है। नैदानिक परीक्षणों में दोनों को प्रभावी प्रमाणित किया गया है और इनका सुरक्षा रिकॉर्ड अच्छा है।**

**विशेषज्ञों के एक स्वतंत्र समूह ने सिफारिश की है कि एनएचएस को सबसे पहले इन टीकों को उन लोगों को देना शुरू करना चाहिए जिन्हें इस बीमारी की चपेट में आने और कोविड-19 की गंभीर जटिलताओं का शिकार होने या इसके कारण उनकी मृत्यु होने का सर्वाधिक जोखिम है। इसमें केयर होम में रहने वाले वृद्ध वयस्क और फ्रंटलाइन स्वास्थ्य और सोशल केयर कर्मी शामिल हैं।**

**जब अधिक टीके उपलब्ध होंगे तो जितनी जल्दी संभव हो उन सभी अन्य लोगों को टीके प्रदान किए जाएंगे जिन्हें जोखिम है।**

## प्रदान किए जाने पर आपको यह टीका लगवाना चाहिए यदि आप:

**वृद्ध लोगों के केयर होम में रह रहे हैं**



**फ्रंटलाइन स्वास्थ्यसेवा कर्मी हैं**



**फ्रंटलाइन सोशल केयर कर्मी हैं**



**वृद्ध निवासियों के केयर होम में काम करने वाले केयरर हैं**



## आयु के क्रमानुसार यह टीका निम्नलिखित को भी प्रदान किया जाएगा:

- 80 साल से अधिक उम्र वाले लोग
- 75 साल से अधिक उम्र वाले लोग
- 70 साल से अधिक उम्र वाले लोग
- एनएचएस शील्डिंग पेशेंट लिस्ट पर हैं ऐसे सभी वयस्क
- 65 साल से अधिक उम्र वाले लोग
- 65 साल से अधिक उम्र वाले लोग जिन्हें दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हैं (सूची देखें)।

50-64 साल की उम्र वाले लोगों को यह बाद में प्रदान किया जाएगा।

**कृपया अपनी बारी आने की प्रतीक्षा करें। अगर आप उक्त समूहों में शामिल नहीं हैं तो आपको अधिक मात्रा में कोविड-19 टीके की आपूर्ति होने तक प्रतीक्षा करनी होगी।**

**जब टीकों की अधिक मात्रा उपलब्ध होगी तो हम उसे अधिक जनसंख्या को प्रदान करेंगे।**

## चिकित्सीय समस्याओं की सूची:

- रक्त कैंसर (जैसे कि ल्यूकेमिया, लिम्फोमा या मायलोमा)
- डायबिटीज
- डिमेंशिया
- हृदय की समस्या
- छाती की समस्या या सांस लेने में कठिनाई, जिसमें ब्रोंकाइटिस, वातस्फीति या गंभीर दमा शामिल हैं
- गुर्दे की बीमारी
- लिवर की बीमारी
- बीमारी या इलाज (जैसे कि एचआईवी संक्रमण, स्टेरॉयड दवाएं, कीमोथेरेपी या रेडियोथेरेपी) के कारण प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) कम होना
- रूमेटाइड गठिया, लूपस या सोरायसिस
- अंग प्रत्यारोपण करवाया है
- स्ट्रोक या ट्रांसिएंट इस्कीमिक अटैक (टीआईए) हुआ है
- कोई स्नायविक या मांसपेशी को कमजोर बनाने वाली समस्या है
- गंभीर या गहन शिक्षण अक्षमता है
- आपके स्प्लीन (प्लीहा) में समस्या, उदा. सिकल सेल रोग या आपके स्प्लीन को हटाया गया है
- आपका वजन गंभीर रूप से अत्यधिक है (40 और उसके ऊपर का बीएमआई)
- मानसिक तौर पर गंभीर रूप से बीमार हैं

## साथ ही निम्नलिखित को भी टीका प्रदान किया जाएगा:

- वयस्क जो नियमित रूप से किसी वृद्ध याविकलांग व्यक्ति की देखभाल करते हैं
- कम उम्र के वयस्क जो दीर्घ कालिक रूप से नर्सिंग या आवासीय परिवेशों में रह रहे हैं

Withdrawn June 2021